नरेन्द्र मोदी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये

आबू रोड, 27अगस्त। गुजरात के मुख्यमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने ब्रह्माकुमारी संगठन की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी डॉ. दादी प्रकाशमणी के पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजली अर्पित की। शान्तिवन के डायमंड हॉल में आयोजित शोकसभा में देश-विदेश से आये श्रद्धालुओ के जन सैलाब को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मोदी ने कहा कि ब्रह्मलीन हुई दादी प्रकाशमणी का जीवन एवं संदेश मानव समुदाय को आध्यात्मिक शक्ति एवं प्राणी मात्र सेवा की प्रेरणा देता रहेगा तथा उनके द्वारा प्रज्वलित प्रकाश पूंज हम सभी का मार्गदर्शन करता रहेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दादी ने आदि शंकराचार्य के अद्वैत सिद्धांत का पालन करते हुए मैं और तू का भेद मिटा दिया। उन्होंने आदि शंकराचार्य के इस मूल मंत्र को वास्तविक जीवन में जीकर दिखाया तथा बाबा ने जो काम उन्हें सौंपे उनके संपादन में जीवन पर्यंत कोई कमी नहीं रखी। श्री मोदी ने कहा कि दादी प्रकाशमणी का जीवन कालखंड के हर समय में संसार के लिए आध्यात्मिक शक्ति और चेतना की प्रेरणा बनेगा। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आध्यात्मिकता, परंपरा एवं विश्वास भारत की पहचान है । उन्होंने दादी प्रकाशमणी के जीवन को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि उन्होंने नारी शक्ति को ईश्वरीय पूजा एवम् आध्यात्मिकता से जोड़ने का प्रयास किया । दादी ने बहुत छोटी उम्र में यह कार्य शुरू कर लगातार चार दशकों तक इसे अपनाया । आज लाखों भ्राता एवं बहनें इस अभियान को तपस्या के रूप में लेकर कार्य कर रहे हैं । श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि दादी ने जो प्रकाश पूंज की ज्योति जगाई है उससे प्रेरणा लेकर समर्पण व साधना के आधार पर हम सभी सामाजिक चेतना जगाने में सफल होंगे ।

बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष एवं सिरोही जिले के प्रभारी श्री अर्जुन सिंह देवड़ा, गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री श्री अशोक भट्ट, गुजरात प्रदेश के भाजपाध्यक्ष, पुरूषोत्तम रूपाला सहित कई जन प्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने दादी प्रकाशमणी को पुष्पांजली अर्पित कर श्रद्धांजली दी।